भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4520
दिनांक 19 मार्च, 2026

नए तेल और गैस क्षेत्रों की पहचान और अन्वेषण

†4520. **श्री परषोत्तमभाई रुपालाः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा चिह्नित किए गए नए तेल और गैस क्षेत्रों की संख्या और उनके अपेक्षित उत्पादन क्षमता का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में अतिरिक्त नए क्षेत्रों का अन्वेषण करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का गुजरात सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) तेल और प्राकृतिक गैस अन्वेषण के क्षेत्र में नए अनुसंधान और प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) गुजरात में संभावित तेल और गैस क्षेत्रों के रूप में किन नए स्थलों की पहचान की गई है और वहाँ हुए कार्य की प्रगति की स्थिति स्थल-वार क्या है; और

(ङ) क्या सरकार हजीरा सहित दक्षिण गुजरात सागर बेसिन क्षेत्रों में ऐसे संसाधन खोजने पर विचार करेगी और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क), (ख) और (घ): सरकार ने वर्ष 2016 में हाइड्रोकार्बन अन्वेषण एवं लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) शुरू की । इस नीति के तहत, खुला रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) शुरू की गई थी। विगत तीन वर्षों के दौरान, ओएएलपी बोली दौर VIII और IX के तहत कुल 38 अन्वेषण ब्लॉक, जो अपतटीय क्षेत्रों और गुजरात, असम तथा मेघालय राज्यों में 1,72,912.95 वर्ग किलोमीटर हैं, सफल बोलीदाताओं को प्रदान किया गया। इन 38 ब्लॉकों में से, 09 ब्लॉक गुजरात में स्थित हैं। इन ओएएलपी बोली दौर के तहत प्रदान किए गए ब्लॉकों का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण देश की मौजूदा संसाधन क्षमता में वृद्धि का संकेत प्रदान करता है। इसके अलावा, गुजरात सहित 6 राज्यों में 1,91,986.21 वर्ग किलोमीटर में फैले 25 अन्वेषण ब्लॉक की पेशकश करने वाले ओएएलपी बोली दौर X को दिनांक 15.04.2025 को शुरू किया गया । इनमें से एक ब्लॉक गुजरात में स्थित है। विगत तीन वर्षों के दौरान प्रदान किए गए ब्लॉकों और ओएएलपी बोली दौर X में बोली लगाने हेतु पहचाने गए ब्लॉकों की राज्य-वार सूची **अनुलग्नक - I** में संलग्न है।

प्रचालक द्वारा क्षेत्र की उत्पादन क्षमता को क्षेत्र विकास योजना (एफडीपी) के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाता है। आज की तिथि की स्थिति के अनुसार, चूंकि ब्लॉक अन्वेषण चरण के अंतर्गत हैं, इसलिए प्रचालकों द्वारा एफडीपी प्रस्तुत नहीं की गई है, अत: क्षेत्रों की अपेक्षित उत्पादन क्षमता का पता नहीं लगाया जा सकता है।

(ग): सरकार ने नए अनुसंधान और प्रौद्योगिकी को लाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जो निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

i. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम के तहत तलछटी बेसिनों में गैर-मूल्यांकित क्षेत्रों का मूल्यांकन 2017
ii. मौजूदा उत्पादन साझेदारी संविदा (पीएससीज), कोल बेड मीथेन (सीबीएम) संविदाओं और नामांकन क्षेत्रों के तहत अपारंपरिक हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और दोहन के लिए नीतिगत ढांचा 2018
iii. सरकार, भूमि और अपतटीय क्षेत्रों में भूकम्पीय आँकड़ों के अधिग्रहण और भारतीय तलछटी बेसिनों के गुणवत्तापूर्ण आँकड़े बोलीदाताओं को उपलब्ध कराने हेतु स्ट्रेटिजिक कूपों का वेधन करने हेतु लगभग 7500 करोड़ रुपये भी खर्च कर रही है। सरकार ने भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में भूमि पर 20,000 एलकेएम और अपतटीय क्षेत्र में 30,000 एलकेएम अतिरिक्त 2डी भूकम्पीय आँकड़ों के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की है।
iv. प्रसंस्करण और व्याख्या हेतु उच्च गुणवत्ता रखने वाले आंकड़े को प्राप्त करने हेतु एयरबोर्न ग्रेविटी ग्रेडियोमेट्री और ग्रेविटी मैग्नेटिक सर्वे, पैसिव सीस्मिक टोमोग्राफी (पीएसटी), लो- फ्रीक्वेंसी पैसिव सीस्मिक (एलएफपीएस) सर्वे जैसी नई प्रौद्योगिकियों को लागू किया गया है।
v. सरकार ने हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के माध्यम से तेल और प्राकृतिक गैस अन्वेषण के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए प्रमुख संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयूज) पर हस्ताक्षर किए हैं।
vi. सभी भारतीय तलछटी बेसिनों में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों ही श्रेणियों के लिए दिनांक 17.07.2025 को हाइड्रोकार्बन संसाधन आकलन अध्ययन (एचआरएएस 2025) की शुरूआत की गई।

(ड.): सरकार ने दक्षिण गुजरात समुद्री-बेसिन क्षेत्र में ओएएलपी बोली दौर के तहत 05 ब्लॉक प्रदान किए हैं। ये ब्लॉक वर्तमान में अन्वेषण के अधीन हैं। इन ब्लॉकों का विवरण **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

*****

अनुलग्नक - I

'नए तेल और गैस क्षेत्रों की पहचान और अन्वेषण' के संबंध में श्री परषोत्तमभाई रुपाला द्वारा दिनांक 19.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4520 के भाग (क), (ख) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक - I:

क्रम सं.	ब्लॉक का नाम	ओएएलपी बोली दौर	राज्य
1	एएस-ओएनएचपी-2022/1	VIII	असम
2	सीबी-ओएनएचपी-2022/1	VIII	गुजरात
3	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2022/1	VIII	अपतट
4	एमबी-ओएसएचपी-2022/1	VIII	अपतट
5	जीके-ओएसएचपी-2022/1	VIII	अपतट
6	जीएस-डीडब्ल्यूएचपी-2022/1	VIII	अपतट
7	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2022/1	VIII	अपतट
8	बीपी-ओएसएचपी-2022/1	VIII	अपतट
9	केके-डीडब्ल्यूएचपी-2022/1	VIII	अपतट
10	केके-ओएसएचपी-2022/1	VIII	अपतट
11	सीवाई-यूडीडब्ल्यूएचपी-2022/1	IX	अपतट
12	सीवाई-यूडीडब्ल्यूएचपी-2022/2	IX	अपतट
13	सीवाई-यूडीडब्ल्यूएचपी-2022/3	IX	अपतट
14	सीबी-ओएनएचपी-2022/2	IX	गुजरात
15	जीएस-ओएसएचपी-2022/1	IX	अपतट
16	जीएस-ओएसएचपी-2022/2	IX	अपतट
17	एएस-ओएनएचपी-2022/2	IX	मेघालय
18	एएस-ओएनएचपी-2022/3	IX	मेघालय
19	जीके-ओएसएचपी-2023/1	IX	अपतट
20	जीएस-ओएनएचपी-2023/1	IX	गुजरात
21	सीवाई-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/1	IX	अपतट
22	जीएस-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/1	IX	अपतट
23	जीएस-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/2	IX	अपतट
24	जीएस-ओएसएचपी-2023/1	IX	अपतट
25	एमबी-ओएसएचपी-2023/1	IX	अपतट
26	सीबी-ओएसएचपी-2023/1	IX	अपतट
27	एमबी-ओएसएचपी-2023/2	IX	अपतट
28	जीएस-ओएनएचपी-2023/2	IX	गुजरात
29	जीएस-ओएनएचपी-2023/3	IX	गुजरात
30	सीबी-ओएसएचपी-2023/2	IX	गुजरात
31	सीबी-ओएनएचपी-2023/1	IX	गुजरात
32	सीबी-ओएनएचपी-2023/2	IX	गुजरात
33	सीबी-ओएनएचपी-2023/3	IX	गुजरात
34	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/1	IX	अपतट
35	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/2	IX	अपतट
36	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/1	IX	अपतट
37	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/2	IX	अपतट
38	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/3	IX	अपतट

ओएएलपी बोली दौर X के तहत प्रदान किए गए ब्लॉकों का ब्यौरा

क्रम सं.	ब्लॉक का नाम	राज्य
1	एएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/1	अपतट
2	एएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/2	अपतट
3	एएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/3	अपतट
4	एएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/4	अपतट
5	बीपी-ओएसएचपी-2024/1	अपतट
6	बीपी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/1	अपतट
7	सीबी-ओएनएचपी-2024/1	गुजरात
8	सीवाई-डीडब्ल्यूएचपी-2024/1	अपतट
9	जीपी-ओएनएचपी-2024/1	हिमाचल प्रदेश, पंजाब
10	जीएस-ओएसएचपी-2024/1	अपतट
11	जीएस-ओएसएचपी-2024/2	अपतट
12	जीएस-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/1	अपतट
13	एचएफ-ओएनएचपी-2024/1	हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर
14	केजी-ओएसएचपी-2024/1	अपतट
15	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/1	अपतट
16	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/2	अपतट
17	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/3	अपतट
18	केआर-ओएनएचपी-2024/1	जम्मू-कश्मीर
19	एमबी-ओएसएचपी-2024/1	अपतट
20	एमबी-ओएसएचपी-2024/2	अपतट
21	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/1	अपतट
22	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/2	अपतट
23	एमएन-यूडीडब्ल्यूएचपी-2024/3	अपतट
24	आरजे-ओएनएचपी-2024/1	राजस्थान
25	वीएन-ओएनएचपी-2024/1	उत्तर प्रदेश

अनुलग्नक - II

'नए तेल और गैस क्षेत्रों की पहचान और अन्वेषण' के संबंध में श्री परषोत्तमभाई रुपाला द्वारा दिनांक 19.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4520 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक - II:

ओएएलपी राउंड	ब्लॉक का नाम	बेसिन का नाम	प्रकृति
ओएएलपी-VI	सीबी-ओएसएचपी-2021/1	खंभात	अपतट
ओएएलपी-VII	सीबी-ओएसएचपी-2021/2	खंभात	अपतट
ओएएलपी-VII	सीबी-ओएसएचपी-2021/3	खंभात	अपतट
ओएएलपी-IX	सीबी-ओएसएचपी-2023/1	खंभात	अपतट
ओएएलपी-IX	सीबी-ओएसएचपी-2023/2	खंभात	अपतट